पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

शिक्षक दिवस पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 04 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक विकास एवं उनमें मानवीय गुण उत्पन्न करने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने शिक्षा के स्तर में आ रही गिरावट पर चिन्ता व्यक्त करते हुए शिक्षकों का आह्वान किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा भावी पीढ़ी को अच्छे नागरिक बनाने में अपना सहयोग दें।

श्री नाईक ने आशा व्यक्त की सभी शिक्षक पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद्, डा0 राधाकृष्णन के विचारों के अनुरूप देश के भावी कर्णधारों को सुशिक्षित करने में सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (317/9)